**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–16.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। रांची पहुंचने के तुरंत बाद वे पश्चिमी सिंहभूम के लिए रवाना हो गये। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत वे आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे के दूसरे दिन यानी कल डॉ. मुरुगन जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान–आईटीआई और केज फिशरीज–करंजिया का दौरा करेंगे। इसके बाद वे भारतीय इस्पात प्राधिकरण, सेल खदान का भी निरीक्षण करेंगे। दौरे के आखिरी दिन वे विभाग प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार महीने में निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर आज सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। इस दौरान अदालत के आदेश के तहत राज्य की मुख्य सचिव कोर्ट के सामने उपस्थित हुईं। इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ट्रिपल टेस्ट करवाकर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने नारजगी जाहिर करते हुए कहा था कि ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं।

*******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन की स्थिति पर चिंता जताई है। गिरिडीह जिले में आज दिशा की बैठक में भाग लेने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की गिरिडीह जिले में स्थिति और भी ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा कि इस गड़बड़ी की जांच के लिए कमिटी बनायी गयी है।

*******************

झारखंड को नक्सलियों से पूर्ण रुप से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार की ओर से सख्त कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में राज्य के पुलिस महानिदेशक डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झारखंड में फरार नक्सलियों की संपत्ति जब्त करने का निर्देश दिया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नक्सलवाद पर समीक्षा बैठक करते हुए डीजीपी ने माओवादी संगठन, स्प्लिंटर ग्रुप और अपराधिक गुटों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सभी जिलों के एसपी को दिया।

*******************

गढ़वा जिले में अनुसूचित जनजाति समुदाय वाले गॉंवो के संपूर्ण उत्थान के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया जा रहा है।

*******************

नीति आयोग की चार सदस्यीय टीम गुमला जिले के तीन दिवसीय दौरे पर है। संयुक्त निदेशक संजय साहू के नेतृत्व में आयी केन्द्रीय टीम जिले में शिक्षा संबंधी कार्यों का अध्ययन कर रही है। दौरे पर पहले दिन विभागीय अधिकारियों ने टीम को जिले की शैक्षणिक उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। बाद में आयोग की टीम ने घाघरा और सिसई प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों और पोषक क्षेत्रों का भी दौरा किया।

*******************

सिमडेगा जिले के उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बानो प्रखंड के डाडिंग पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया और विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी परियोजनाओं का भी जायजा लिया और लाभुकों को इंटर क्रॉपिंग के लिए प्रेरित किया।

*******************

गोड्डा के पथरगामा प्रखंड की पीपरा पंचायत में कुड़मी जाति समुदाय ने टुसु पर्व धूमधाम से मनाया। होपना टोला में ढोल–नगाड़ों और झूमर गीतों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कुड़मी विकास मोर्चा के दीपक महतो ने इसे झारखंड, बंगाल और उड़ीसा का प्रमुख पर्व बताया। रंग–बिरंगे टुसु चौड़ल के साथ विदाई यात्रा भी निकाली गई।

********समाप्त********